SET - 1

INDIAN SCHOOL SOHAR
PERIODIC ASSESSMENT – 1 (2019-20)
HINDI (COURSE-B)

कक्षा : **X** पूर्णांक : **15**
दिनांक : **15/05/2019** समय : **45** मिनट

सामान्य निर्देश : **1** प्रश्न-पत्र में चार खण्ड हैं क, ख , ग, घ।
2 यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रम से लिखिए।
3 सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
4 उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

(खण्ड - क)

प्रश्न 1. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ः

हाय, यहाँ मानव - मानव में
समता का व्यवहार नहीं है,
हाहाकारों की दुनिया है
स्वप्नों का संसार नहीं है,
इसलिए सपनों को मुट्ठी में मलता चलता हूँ।
मैं पथ पर चलता जाता हूँ
अटल हिमालय - सा मैं मानव,
जब लगता हूँ आहें भरने
मेरे रोम - रोम से फूट पड़ते हैं झरने,
शीश न झुकने पाया, यद्यपि मैं तिल - तिल गलता जाता हूँ।
मैं पथ पर चलता जाता हूँ
भस्मसात कर दूँगा क्षण में,
ऊँच - नीच के सब आडंबर
काँप उठेगी निर्बल जगती
सिहर उठेगा सूना अंबर,
पद प्रहारों से मैं पथ के कुश - कंटक दलता चलता हूँ।

प्रश्न ः
(क) दुनिया का सत्य क्या है और कवि पर इस सत्य का क्या प्रभाव पड़ रहा है? 1
(ख) मानव किसके समान स्थिर है और उसका दायित्व क्या है? 1
(ग) तीसरे पद में कवि क्या भस्म कर देना चाहता है? 1

P.T.O.

(खण्ड - ख)

प्रश्न 2. (क) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ः ½
जब पद वाक्य से अलग होता है तो .... बन जाता है।
(ख) डूबते जहाज से दो सौ व्यक्ति निकाल लिए गए। रेखांकित पद का भेद बताइए। ½

प्रश्न 3. (क) रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए ः 1
.... होने की ज़रूरत नहीं है, यह लो अपनी पुस्तक और चलते बनो।
(ख) निम्नलिखित मुहावरे का प्रयोग कर अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए ः 1
हाथ - पाँव फूल जाना

(खण्ड - ग)

प्रश्न 4. छोटे भाई की किन-किन खेलों में रुचि थी और उसे कौन-कौनसे खेल आकर्षित करते थे? 3

अथवा

बड़े भाई साहब छोटे भाई को अपने उपदेशों द्वारा कौन-कौनसे करणीय और अकरणीय कार्यों के बारे में समझाते थे? किन्हीं तीन कार्यों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 5. कवि कबीरदास जी ने हृदय को निर्मल बनाए रखने के लिए क्या उपाय बताया है? 1

प्रश्न 6. कवि कबीरदास जी ने किस प्रकार की वाणी बोलने की सलाह दी है और क्यों? 2

(खण्ड - घ)

प्रश्न 7. ' नारी निकेतन ' आश्रम में महिलाओं द्वारा बनाए गए शरबत व मुरब्बे के प्रचार हेतु 25 से 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। 3

-------------****-------------

SET - 2

INDIAN SCHOOL SOHAR
PERIODIC ASSESSMENT – 1 (2019-20)
HINDI (COURSE-B)

कक्षा : X पूर्णांक : 15
दिनांक : 15/05/2019 समय : 45 मिनट

सामान्य निर्देश : 1 प्रश्न - पत्र में चार खण्ड हैं क, ख , ग, घ।
2 यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रम से लिखिए।
3 सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
4 उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

(खण्ड - क)

प्रश्न 1. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ः

हम बरसें तो धरती पर हरियाली छाए,
सब जीवों की प्यास भी तो, हमीं बुझाएँ।
जंगल - जंगल, बस्ती - बस्ती उमड़ते जाते,
ताल - तलैया, नदी - सरोवर भरते जाते।
नदियाँ और सागर ही हमारे माता - पिता हैं,
इन्हें सहेजो इनमें हमारा भाग्य लिखा है।
उड़कर जलकण इस धरती से गगन में आते,
उमड़ - घुमड़कर हम जीवों की प्यास बुझाते।
बनना और बरसना ये दो काम हैं हमारे,
हम में खेले सूरज - चंदा, सांझ - संकारे।
कहीं मेघ - मल्हार, कहीं मेघदूत हैं हम,
नृत्य मोर का और कोयल की कूक हैं हम।

प्रश्न ः
(क) काव्यांश में ' हम ' शब्द किसके लिए प्रयुक्त किया गया है और यह किसके बारे में चर्चा कर रहा है? 1
(ख) बादल ने किन्हें सहेजने के लिए कहा है और क्यों? 1
(ग) कवि ने बादलों को किस - किस रूप में वर्णित किया है? 1

P.T.O.

(खण्ड - ख)

प्रश्न 2. (क) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : ½
वह शब्द जो व्याकरण के नियमों में बँधा हो .... कहलाता है।
(ख) अच्छे चरित्र <u>के बिना</u> जीवन निरर्थक है। रेखांकित पद का भेद बताइए। ½

प्रश्न 3. (क) रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए : 1
अगर सभा में कृषक कहता कि सरपंच द्वारा लिया गया निर्णय उचित नहीं है तो........... होती।
(ख) निम्नलिखित मुहावरे का प्रयोग कर अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए : 1
जिगर के टुकड़े - टुकड़े होना

(खण्ड - ग)

प्रश्न 4. ' बड़े भाई साहब ' पाठ में भाई साहब ने बड़े होने का दायित्व किस प्रकार निभाया? <u>किन्हीं तीन</u> दायित्वों का उल्लेख कीजिए। 3

अथवा

बड़े भाई ने घमंड न करने की सलाह देते हुए रावण के विषय में क्या-क्या कहा? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 5. ' सब अँधियारा मिटि गया, जब दीपक देख्या माँहि '। पंक्ति में ' अँधियारा ' और ' दीपक ' शब्दों के प्रतीकात्मक अर्थ बताइए। 1

प्रश्न 6. कवि कबीरदास जी ने संसार को सुखिया क्यों कहा है? ' साखी ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 2

(खण्ड - घ)

प्रश्न 7. ' नारी निकेतन ' आश्रम में महिलाओं द्वारा बनाए गए हस्त-निर्मित बैग व घर की सजावटी वस्तुओं के प्रचार हेतु **25** से **50** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। 3

--------------****--------------